# डिप्लोमा–इन–फार्मेसी परीक्षा समिति, झारखण्ड
## स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
## झारखण्ड सरकार
(कार्यालय – झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल, बरियातु, राँची–834009)

**E-mail Id : d.pharmexamcommittee@gmail.com**


पत्रांक D.Pharm/127/2026 दिनांक 30/03/2026

## कार्यालय आदेश

पूर्व में निर्गत इस कार्यालय के पत्रांक– D.Pharm/105/2026 दिनांक– 13.03.2026 द्वारा सत्र– 2024– 2026 प्रथम वर्ष (New Course) के डिप्लोमा –इन– फार्मेसी वार्षिक परीक्षा – 2026 (I) हेतु परीक्षा फार्म भरकर जमा करने हेतु बिना विलम्ब शुल्क दिनांक– 23.03.2026 तथा विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक– 27.03.2026 तक निर्धारित की गयी थी, परन्तु अनेक फार्मेसी संस्थानों द्वारा अभी तक परीक्षा फार्म पूर्णतः भरकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा नहीं किया गया है।

अतः निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि पुनः विलम्ब शुल्क के साथ ( 2,200/- + 200/- = 2,400/- प्रति छात्र ) परीक्षा फार्म भरकर जमा करने हेतु दिनांक– 02.04.2026 निर्धारित किया जाता है। दिनांक– 02.04.2026 के कार्यावधि के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में सत्र– 2024–2026 की डिप्लोमा –इन– फार्मेसी वार्षिक परीक्षा – 2026 (I) हेतु परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा।

सूचनार्थ प्रेषित ।

Pandey 30/03/2026

सदस्य सचिव

डिप्लोमा–इन–फार्मेसी परीक्षा समिति,

झारखण्ड, राँची–834009

Member Secretary

D. Pharm. Exam. Committee

Govt. of Jharkhand, Ranchi

# डिप्लोमा–इन–फार्मेसी परीक्षा समिति, राँची, झारखण्ड
## स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
## झारखण्ड सरकार
**(कार्यालय – झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कॉन्सिल, बरियातु, राँची–834009)**

E-mail Id : d.pharmexamcommittee@gmail.com


पत्रांक D.pharm/105/2026 दिनांक 13/03/2026

प्रेषकः–

प्रशांत कुमार पाण्डेय
सदस्य सचिव
डिप्लोमा–इन–फार्मेसी परीक्षा समिति, झारखण्ड, राँची–834 009

सेवा में,

सभी प्राचार्य
डिप्लोमा–इन–फार्मेसी कॉलेज/संस्थान, झारखण्ड।

**विषयः– डिप्लोमा–इन–फार्मेसी सत्र– 2024–26 प्रथम वर्ष (New Course) की डिप्लोमा–इन–फार्मेसी वार्षिक परीक्षा – 2026(I) हेतु परीक्षा फार्म जमा करने के संबंध में।**

महाशय/महोदया,

झारखण्ड राज्य स्थित सभी डिप्लोमा–इन–फार्मेसी कॉलेज/संस्थान के प्राचार्य को सूचित करते हुए कहना है कि Pharmacy Council of India, New Delhi से मान्यता प्राप्त झारखण्ड राज्य अन्तर्गत फार्मेसी संस्थानों में अध्यनरत सत्र– 2024–26 प्रथम वर्ष **(New Course)** के विद्यार्थियों की डिप्लोमा–इन–फार्मेसी परीक्षा – 2026(I) हेतु परीक्षा फार्म भर कर जमा करने का कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है :–

(i) परीक्षा शुल्क के साथ भरा हुआ परीक्षा फार्म जमा करने की तिथि – 16.03.2026 से 23.03.2026 के दौरान कार्यालय अवधि में अपराहन – 05:00 बजे तक।

(ii) विलम्ब परीक्षा शुल्क के साथ भरा हुआ परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि – 27.03.2026 को कार्यालय अवधि में अपराहन – 05:00 बजे तक।

(iii) परीक्षा शुल्क 2,200/– (दो हजार दो सौ रूपये) मात्र प्रति छात्र देय होगा एवं विलम्ब परीक्षा शुल्क 200/– रूपये मात्र प्रति छात्र देय होगा।

(iv) प्रत्येक परीक्षार्थी के लिए निम्नांकित अभिप्रमाणित कागजात संबंधित संस्थान द्वारा डिप्लोमा–इन–फार्मेसी परीक्षा समिति, झारखण्ड, बरियातु, राँची –834009 के कार्यालय में जमा किया जाय।

   (a) पूर्णतः भरा हुआ तथा प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित परीक्षा फार्म (परीक्षार्थी के फोटो को भी अभिप्रमाणित करते हुए)।
   (b) निर्धारित परीक्षा शुल्क– बैंक ड्राफ्ट (In Favor of DIPLOMA-IN-PHARMACY EXAMINATION COMMITTEE, Jharkhand, Payable at RANCHI)।
   (c) परीक्षा समिति द्वारा पूर्व में दिया गया Registration Slip की छायाप्रति।
   (d) विद्यार्थियों की सूची – Hard Copy और Soft Copy (Excel format में)।

NAME OF THE COLLEGE :-

SESSION :- YEAR :-

| Sl.No. | Name of Student | Father's Name | Date of Birth | Registration No. |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

(v) सभी फार्मेसी संस्थान विना विलम्ब शुल्क दिनांक–23.03.2026 एवं विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक– 27.03.2026 तक पूर्ण रूप से भरे हुए परीक्षा फार्म एवं प्राचार्य द्वारा अग्रसारित आवेदन, डिप्लोमा–इन–फार्मेसी परीक्षा समिति, झारखण्ड, बरियातु, राँची–9 के कार्यालय में निश्चित रूप से जमा करेंगे।

**नोट :–** कॉलेज / संस्थान के प्राचार्य द्वारा विना अभिप्रमाणित परीक्षा फार्म अथवा अपूर्ण रूप से भरा हुआ परीक्षा फार्म किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन

Pandey 13/03/2026

सदस्य सचिव
डिप्लोमा–इन–फार्मेसी परीक्षा समिति
झारखण्ड, राँची–834009

**Member Secretary**
**D. Pharm. Exam. Committee**
**Deptt. of Health M.E. & F.W.**
**Govt. of Jharkhand, Ranchi**